राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी (चम्पावत) उत्तराखण्ड

प्रेस रिपोर्ट– दिनांक 13 अगस्त 2024

राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी आई0क्यू0ए0सी0 विभाग की ओर से प्राचार्य प्रो. अजिता दीक्षित की अध्यक्षता में सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें माननीय कुलाधिपति राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) श्री गुरमीत सिंह, उच्च शिक्षा मंत्री माननीय धन सिंह रावत जी एवं कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट जी के द्वारा प्राप्त संदेश को विद्यार्थियों प्राध्यापक गण एवं कर्मचारियों के समक्ष प्रसारित किया गया, तथा प्राचार्य के द्वारा सभी को शुभकामना दी गयी। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि के0आई0टी0एम0 डिग्री कालेज खटीमा से डॉ0 विवेक सक्सेना, डॉ0 इन्दरनाथ गोस्वामी की उपस्थिति में स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में अमरूद, नीबू, आवंला आदि के पेड़ों का पौधारोपण किया गया। **आई0क्यू0ए0सी0 की ओर से इस अवसर पर ई–कन्टेन्ट व शोधपत्र लेखन विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।** जिसमें रिसोर्स पर्सन डॉ0 विवेक सक्सेना व डॉ0 इन्दरनाथ गोस्वामी ने प्राध्यापकों व छात्र/छात्राओं को ओपन सोर्स आफ कन्टेन्ट क्रियेसन, ए0आई0, आई0पी0आर0, चैट जीपीटी, पी0पी0टी0, प्लेगरिजम, रिसर्च गेट, गूगल स्कालर, साइटेशन, इन्डेक्सिंग, एस0ई0ओ0 कीवर्ड, यूजीसी केयर/स्कोपस, विविध सर्च इंजन आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आई0क्यू0ए0सी0 प्रभारी के द्वारा ईकन्टेन्ट से सम्बन्धित प्रश्न भी पूछे जिसका संतोषजनक उत्तर भी दिया गया। छात्रो में ओम प्रकाश जोशी, देवेन्द्र सिंह नेगी, हंसा भट्ट के प्रश्नों का भी उत्तर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन आई0क्यू0ए0सी0 की ओर से प्रभारी डॉ0 डी0के0गुप्ता द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 अर्चना वर्मा, डॉ0 संजय कुमार, डॉ0 रंजना सिंह, श्रीमती पुष्पा, श्री अतुल कुमार मिश्र, श्री संजय गंगवार ने प्रतिभाग किया। छात्र/छात्राओं में हंसा भट्ट, विमला, तुलसी, देवेन्द्र सिंह नेगी, ओम प्रकाश, दीक्षा, यमुना आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्री हरीश जोशी, श्री दशरथ बोहरा, श्री महेश लाल, श्री दिनेश रावत ने सहयोग किया।



COORDINATOR
IQAC/NAAC
RAJKIYA MAHAVIDYALAYA AMORI
(CHAMPAWAT) UTTARAKHAND

Dr. Ajita Dikshit
Principal
Rajkiya Mahavidyalaya
Amori, Champawat-262523
Uttarakhand